Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- जालोर में एलआर शाखा तहसील सायला हाल अतिरिक्त चार्ज पटवार हल्का सांगाणा का पटवारी 4,000/— रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, दिनांक 10 जून, 2026। एसीबी मुख्यालय जयपुर के **हेल्पलाईन नं. 1064** पर प्राप्त शिकायत के सत्यापन के आधार पर ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देशानुसार भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जालोर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **बंटी मीना पटवारी, एलआर शाखा तहसील सायला हाल अतिरिक्त चार्ज पटवार हल्का सांगाणा, जिला जालोर** को **4,000/— रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कि एसीबी मुख्यालय जयपुर की हेल्पलाईन नं. 1064 पर प्राप्त शिकायत के अनुसार परिवादी से आरोपी बंटी मीना पटवारी, एलआर शाखा तहसील सायला हाल अतिरिक्त चार्ज पटवार हल्का सांगाणा, जिला जालोर द्वारा परिवादी की कृषि भूमि का म्यूटेशन भरने की एवज में 10,000/— रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर जोधपुर रेंज के **उप महानिरीक्षक श्री नारायण टोगस** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. चौकी जालोर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मांगीलाल राठौड़** के द्वारा प्राप्त शिकायत का बाद सत्यापन आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी बंटी मीना पटवारी से उक्त रिश्वत राशि चार हजार रूपये बरामद कर उपरोक्त आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। आरोपी द्वारा पूर्व मे मांग सत्यापन के दौरान 2,000/— रूपये रिश्वत राशि प्राप्त की गई।

आरोपी से पुछताछ एवं कार्यवाही तथा आरोपी के ठिकानों पर तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।